Department of Education

KindyLinQ

नवजात से लेकर 3.5 साल के बच्चों और उनके परिवारों के लिए मनोरंजनात्मक, नि:शुल्क, समावेशी खेल और शैक्षिक सत्र

KindyLinQ एक नि:शुल्क खेल-आधारित कार्यक्रम है जिसे प्लेग्रुप फॉर्मेट में प्रदान किया जाता है और जिसमें परिवार और बच्चे किंडरगार्टन जाने से पहले के वर्षों में भाग ले सकते हैं।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व KindyLinQ के कर्मचारियों द्वारा किया जाता है और यह परिवारों को बच्चों के साथ रहने और एक साथ शुरूआती शिक्षा से जुड़े मनोरंजक अनुभवों में भाग लेने के लिए स्वागतमय स्थान उपलब्ध कराता है।

कार्यक्रम का संचालन स्कूल की टर्म्स के दौरान किया जाता है। इसमें भाग लेना स्वैच्छिक है और परिवार हमेशा अपने बच्चे/चों के साथ भाग लेते हैं। दिन और समय अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग हो सकते हैं।

KindyLinQ के सत्र प्रमाण-आधारित कार्यक्रमों और अभ्यासों पर आधारित हैं, इनमें प्रारम्भिक वर्षों का शिक्षण ढांचा शामिल है।

बच्चों और परिवारों के लिए लाभ

बच्चों के विकास और सीखने के लिए आवश्यक वातावरण तैयार करने में परिवार सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। KindyLinQ परिवारों को घर पर अपने बच्चे की शिक्षा-प्राप्ति में सहायता देने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।

कार्यक्रम बच्चों के किंडरगार्टन जाना शुरू करने से पहले के वर्षों में बच्चों की शिक्षा-प्राप्ति, विकास और सहभागिता का समर्थन करता है।

KindyLinQ की अनौपचारिक, परिवार-केन्द्रित प्रवृत्ति परिवारों को एक शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों के साथ आसानी से बातचीत करने में सहायता करती है।

यह कार्यक्रम परिवारों के लिए घर, स्कूल, प्रारम्भिक बाल्यावस्था (अर्ली चाइल्डहुड) सेवाओं और समुदाय के बीच मजबूत और सहायक संपर्क स्थापित करता है।

खेल के माध्यम से सीखना

KindyLinQ सुविधाकृत प्लेग्रुप मॉडल पर आधारित है।

KindyLinQ पर, बच्चे एक देखरेख करने वाले वयस्क के समर्थन और मार्गदर्शन के साथ आभ्यासिक अनुभवों के द्वारा सीखते हैं। बच्चे ऐसे कौशल सीखेंगे जो वर्तमान और भविष्य की शिक्षा में उनकी सहायता करेंगे, इनमें सामाजिक मेलजोल करना, अपनी भावनाओं का प्रबंध करना और भाषाई कौशल विकसित करना शामिल है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपने विचारों और अपनी ज़रूरतों का प्रभावपूर्ण तरीके से संचार कर सकते हैं।

KindyLinQ परिवारों का संपर्क अनुमोदित किंडरगार्टन प्रदाताओं से जोड़ने में भी मदद करता है।

KindyLinQ की पेशकश करने वाले स्थानों की संपूर्ण सूची Early Childhood Education and Care वेबसाइट पर देखें और अपना स्थान संरक्षित करें।